प्रेस नोटः- दिनांक-12.05.2026

थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए खोये बैग जिसमें 1,31,000 रुपये व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ उसके स्वामी को वापिस किया गया।

आज दिनाक 12.05.26 को समय करीब 10.15 बजे पीआरवी 7841 को एक अज्ञात बैग थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत दातागंज तिराहे पर मिला। उक्त बैग को पीआरवी 7841 द्वारा थाना सिविल लाइन को सुपुर्द किया। प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन द्वारा बैग खोलने पर बैंक पासबुक पर अंकित खाताधारक व्यक्ति का नाम रामविलास मिश्रा पुत्र महाराम मिश्रा नि0 ग्राम पाठक नगला थाना उसहैत बदायूँ को सूचना दी गयी। रामविलास सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइन उपस्थित आये और बताया कि मैं अपनी मोटरसाईकल से बदायूँ से दवाई लेकर अपने ग्राम पाठक नगला थाना उसहैत जा रहा था मेरा बैग मोटर साईकिल पर पीछे बधा था, बैग की तनी टूट जाने के कारण बैग कही रास्ते मे गिर गया। इस बात की मुझे कोई जानकारी नही हो पायी थी। रामविलास द्वारा अपने बैग को पहचानते हुए कहा कि यही मेरा बैग है। बैग को रामविलास उपरोक्त के सामने चैक किया गया जिसमें से 1,31,000/रू0 ,पैन कार्ड , बैंक पासबुक, चैक बुक व आधार कार्ड मिले। रामविलास द्वारा बिना पुलिस को सूचना दिये जल्दी से जल्दी अपने उपरोक्त सामान मिलने पर बदायूं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा व धन्यवाद किया है। रामविलास उपरोक्त को उसके सामान के साथ सकुशल रूखसत किया गया है।

सोशल मीडिया सैल, बदायूँ